**सुविचार**

यदि कोई आपकी गलती आपके मुंह पर कहने की ताकत रखता है, तो उससे अच्छा मित्र कोई और नही हो सकता।

देश की आवाज

# नवदेश टाइम्स

हरियाणा, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड में प्रसारित

डाक पंजीकरण संख्या - HR/AB-140/21-23



वर्ष -1, अंक - 11 | TITLE CODE - HARHIN11384 , मासिक | रादौर, जुलाई 2022 | https://navdeshtimes.com | पृष्ठः 4, मूल्य : 5 रूपये

## पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवारों को जीत की दी बधाई, जनता का जताया आभार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। इन दोनों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों को जीत मिली है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा नेताओं ने उम्मीदवारों को जमकर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव में जीत ऐतिहासिक है। यह केंद्र और यूपी में डबल इंजन सरकार के लिए व्यापक पैमाने पर स्वीकृति और समर्थन का संकेत देता है। समर्थन के लिए लोगों का आभारी हूं। मैं हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं त्रिपुरा के लोगों को हमारे विकास का एजेंडा में विश्वास जताने और मुख्यमंत्री माणिक साहा सहित हमारे उम्मीदवारों को उपचुनाव में जीत का आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हमारी सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करती रहेगी। मैं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर लोकसभा के दो उपचुनाव में डबल इंजन की भाजपा सरकार ने डबल जीत प्राप्त की है। आदरणीय प्रधानमंत्री का यशस्वी नेतृत्व, प्रदेश भाजपा का नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का साथ लगातार डबल इंजन की भाजपा सरकार को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों चुनौतीपूर्ण लड़ाई को भाजपा ने जीत में बदलकर 2024 के लिए एक दूरगामी संदेश दे दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार की सकारात्मक, सर्वसमावेशी और कल्याणकारी योजनाओं, गांव, गरीब, किसान, महिलाएं और समाज के हर वर्ग के लिए जो काम किए गए हैं वो जनता ने हाथों हाथ लिए हैं।



## शहीदी दिवस समारोह को लेकर बैठक कर बनाई रणनीति



**नवदेश टाइम्स/कुलदीप सैनी**

रादौर। हरियाणा कांबोज सभा की एक बैठक गांव मंधार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह व महासचिव सुमेर चंद ने की। बैठक में पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज व पूर्व अध्यक्ष ज्ञान सिंह कांबोज विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर शहीद उधम सिंह कांबोज के 82वें शहीदी दिवस समारोह को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष लालचंद कांबोज ने बताया कि इस वर्ष 31 जुलाई को कुरुक्षेत्र अनाज मंडी में शहीद उधम सिंह कांबोज का शहीदी दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कोरोना संकटकाल के बाद आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहरलाल को बतौर मुख्यातिथि लाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक कौम के नही होते। उन्होंने देश के लिए बलिदान दिया था। इसलिए आज हर समाज व वर्ग के लोग शहीदों का सम्मान करते हैं। इस कार्यक्रम में भी प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी 36 बिरादरी के लोग शहीद उधम सिंह सहित अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचेगें। इस अवसर पर रणबीर सिंह सरपंच, रमेश कुमार, ईश्वर सिंह, हरपाल मारूपुर, जगमाल सिंह, राकेश कुमार, सरदार बख्शीश सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## जाहरवीर गोगा के 7 वें विशाल जागरण व भंडारे का हुआ आयोजन

**नवदेश टाइम्स/कुलदीप सैनी**

रादौर। जाहरवीर सेवा समिति की ओर से गोगा माड़ी परिसर में जाहरवीर गोगा जी के 7वें विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज व चेयरपर्सन सुदेश रानी मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और ज्योत जगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी शालू मेहता, धनपत सैनी व पार्षद रविंद्र सैनी वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने मुख्यातिथि व कार्यक्रम में पहुंचने गणमान्य लोगों को स्मृति चिह्नं व शाल भेंटकर सम्मानित किया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में प्रसिद्ध गायक कुलविंद्र व गौरव अंबाला ने जाहरवीर गोगा जी की गाथा को सुनाया। जिससे श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान शिव पार्वती व मां काली की सुदंर झांकी भी निकाली गई। जिसने सभी का मन मोहा। जागरण में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे व सौहार्द की भावना को बढ़ाने में मदद करते है। समिति के युवा सदस्यों की ओर से किया गया यह आयोजन सराहनीय है। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए। इस अवसर पर प्रवीन सैनी काला, सुमित सैनी, डा. जसविंद्र सैनी, मोनू कश्यप, तिलकराज, संजू सैनी, रविंद्र, प्रिन्स, पुलकित, धर्मबीर, अमित, संजू रत्तनगढ़, रिंकू धौलरा, मुकेश, कुलविंद्र सिद्धू, दीपक, मयंक सैनी, प्रशांत सैनी, जतिन, नितिन, ध्रुव, सन्नी, संजय शर्मा इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी।




## भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव 9 जुलाई को

**नवदेश टाइम्स/कुलदीप सैनी**

कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ की तरफ से 9 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को लेकर प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है।

स्वामी साक्षी गोपाल ने कहा कि कोरोना काल के बाद संस्थान की तरफ से 9 जुलाई को रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह रथ यात्रा श्री चौतन्य गौडिय मठ ब्रह्मसरोवर से सायं 4 बजे शुरु होकर बिरला मंदिर चौक,छठी पातशाही, रेलवे रोड़, गोल बैंक चौक, श्रद्धानंद चौक, आरओबी से होती हुई मोहन नगर चौक से कांग्रेस भवन पर सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि कीर्तन का आयोजन 11 बजे से 12 बजे तक होगा और भगवान श्री जगन्नाथ महाआरती दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी। इसके बाद भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर शहर में प्रभातफेरियां का भी आयोजन किया जा रहा है।

## जल के महत्व को समझते हुए फसल विविधीकरण को अपनाएं किसान -उपायुक्त



**नवदेश टाइम्स/कुलदीप सैनी**

यमुनानगर। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि घटते भू-जल स्तर व जल संरक्षण के मद्देनजर हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी-मेरी विरासत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत किसानों को धान की जगह अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी जीवन में जल की महत्ता को समझते हुए फसल विविधीकरण को जरूर अपनाएं। उन्होंने कहा कि धरती पर मौजूद किसी भी जीवन के लिए पानी बेहद आवश्यक है। ऐसे में भविष्य में पानी से जुड़ी समस्याओं को ध्यान रखते हुए हम सभी को इसके संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इन्हीं उद्देश्यों के साथ वर्ष 2020-21 में मेरा पानी मेरी विरासत योजना की शुरुआत की थी। योजना के माध्यम से जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों व संस्थाओं को विभिन्न प्रकार के अनुदान दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला का कोई किसान धान की फसल को छोड़ कर अन्य फसल जैसे मक्का, कपास, अरहर, मूंग, मोठ, उड़द, ग्वार, सोयाबीन तिल, मूंगफली, अरंडी या बागवानी से सम्बन्धित फसल लेता है तो प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## नशे से आजादी दिलाने का संकल्प

**नवदेश टाइम्स/कुलदीप सैनी**

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में अब धाकड़ प्रोग्राम से लोगों को नशे से आजादी दिलाने का संकल्प लिया गया है। इस धाकड़ प्रोग्राम को सबसे पहले शिक्षण संस्थानों में लागू किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर लाया जा सके। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र के 7 ब्लॉक में स्टेट एक्शन प्लान के तहत नशे से आजादी दिलाने का काम किया जाएगा। इस एक्शन प्लान के जरिए नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा और नशे से छुटकारा पाने वालों को नशे से आजादी दिलाने का काम किया जाएगा। इस एक्शन प्लान और धाकड़ प्रोग्राम को स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल से आगाज किया है।

कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश सुनने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आन लाइन प्रणाली से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल, डीजीपी श्रीकांत जाधव, सांसद संजय भाटिया ने प्रदेशवासियों खासतौर पर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने, नशे की बुराईयों व नशे की आजादी प्रोग्राम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया स्टेट एक्शन प्लान की पुस्तिका का विमोचन किया।

# इस गाय का फोटो खोल सकता है आपकी किस्मत


**एजेंसी**
घर में कामधेनु गाय की मूर्ति लगाने से समृद्धि, संतान, स्वास्थ्य लाभ होता है। कामधेनु गाय का अर्थ होता है कामनाओं या इच्छाओं को पूर्ण करने वाली गौ माता। पुराणों में वर्णित है कि समुद्र मंथन के समय कामधेनु गाय निकली थी। भारतीय वास्तु शास्त्र में कामधेनु गाय की प्रतिमा का बहुत ही विशिष्ट स्थान है। जहां भी कामधेनु गाय अपने बछड़े के साथ निवास करती है वह घर खुशियों से भरा होता है ऐसा शास्त्रों में वर्णित है। प्राचीन आख्यानों के अनुसार कामधेनु की पुत्री नंदिनी महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में रहती थी। माता अनुसूया उनकी सेवा करती थीं। जब महाराज दिलीप के कोई संतान नहीं हुई तो उनके कुलगुरू महर्षि वशिष्ठ ने नंदिनी गाय की सेवा करने का सुझाव दिया था। महाराज दिलीप ने अपनी पत्नी सहित नंदिनी की सेवा की और उसके उनके यहां महाप्रतापी पुत्र रघु उत्पन्न हुए। इससे रघुकुल वंश चला। घर में जिस दिशा में वास्तु दोष है उस दिशा में बछड़े सहित गौ माता का फोटो अथवा चित्र अवश्य स्थापित करें। कामधेनु गाय का बछड़ा सहित चित्र अथवा फोटो साउथ वेस्ट (नैऋत्य) में लगाने से घर के कार्य में स्थिरता आती है। दक्षिण में लगाने से गृह स्वामी के प्रभाव में वृद्धि होती है। आग्नेय कोण में गौ माता का



फोटो लगाने से महिला सदस्य घर में प्रसन्न रहती हैं। पूर्व दिशा में यदि कामधेनु गाय का चित्र का फोटो लगा होगा वहां से दरिद्रता समाप्त हो जाएगी। ईशान दिशा में कामधेनु गाय का चित्र लगाने से संतान से प्रसन्नता मिलती है। ईश्वर के प्रति ध्यान लगता है और घर में लक्ष्मी विराजमान रहती हैं। उत्तर में गौमाता की प्रतिमा को लगाने से धनाधीश कुबेर की असीम कृपा रहती है। घर के बरकत रहती है। वायव्य कोण में कामधेनु गाय की प्रतिमा लगाने से घर में अनुकूल वातावरण बनता है। आय के स्रोत निरंतर बढ़ते हैं। पश्चिम में गाय की प्रतिमा लगाने से हर कार्य में स्थिरता आती है। यदि आपके घर में संतान का अभाव है अथवा संतान आपका सम्मान नहीं करती तो कामधेनु गाय का चित्र में घर के उत्तर-पूर्व के कोने में लगाएं और नियमित प्रार्थना करें। यदि घर के सदस्य गृह स्वामी की बात नहीं सुनते हैं तो गौ माता का फोटो दक्षिण पश्चिम दिशा में लगा दें। यदि घर में धन-धान्य की कमी आ रही है और बरकत नहीं हो रही है तो उत्तर दिशा में कामधेनु गाय का चित्र लगा दें। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता और जल्दी-जल्दी बीमार पडते हैं गौ माता का फोटो दक्षिण दिशा में लगाएं।

# यह रेखा दिलाती है करोड़ों की धन दौलत

हाथ में मंगल रेखा और भाग्य रेखा के संयोग को बहुत ही शुभ माना गया है। मंगल रेखा जीवन रेखा के समानान्तर होती है। यदि मंगल रेखा से निकलकर कोई रेखा निकलकर भाग्य रेखा में मिल जाए तो विशेष लाभ देती है। यदि मंगल रेखा से निकलकर रेखा शनि पर्वत तक पहुंच जाए तो यह भी बेहद शुभ मानी जाती है, लेकिन मंगल रेखा से निकलकर कोई रेखा भाग्य रेखा को काटकर आगे बढ़े तो यह शुभ नहीं है।



दुनिया में पहचान दिला देता है हाथों का यह निशान

हाथ में मंगल रेखा जीवन रेखा के साथ-साथ चलती है। यह जीवन रेखा की सहायक रेखा कहलाती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति के जीवन रेखा में दोष होने के बावजूद कोई मुश्किल नहीं होती है। मंगल रेखा जीवन को मजबूत करती है। जिन लोगों के हाथों में मंगल रेखा मिलती है वे प्रतिभाशाली होती है। ऐसे लोग सोच समझकर और सटीकता के साथ काम करते हैं। ऐसे लोग लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हैं। रेखाओं का सही योग होने के साथ ही यदि मंगल पर्वत भी शुभ स्थिति में हो तो यह भी अत्यंत शुभ योग हैं। मंगल रेखा से निकलकर शनि पर्वत की ओर जाने वाली रेखाएं संबंधित उम्र में विशेष लाभ दिखाते हैं। ऐसे लोगों को जमीन से विशेष लाभ होते हैं। इस तरह के लोगों को पैतृक संपत्ति से बहुत अधिक लाभ मिलता है।

# परेशानियों में घिरा है जीवन तो सोमवार को करें यह आसान से उपाय


सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव की सच्चे मन से उपासना करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। सोमवार के दिन व्रत-उपवास करने का विशेष महत्व है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए सोमवार को इन उपायों को अवश्य अपनाना चाहिए। आइए जानते हैं इनके बारे में। सोमवार के दिन भगवान शिव का ध्यान, व्रत-उपवास और पूजा कर उनसे मनचाहा वरदान प्राप्त किया जा सकता है। रविवार रात कच्चा दूध अपने सिरहाने रखकर सोएं और सोमवार सुबह उसे बबूल के वृक्ष पर चढ़ा दें। ऐसे करने से चंद्रदोष दूर हो जाता है। सोमवार को श्वेत वस्त्र धारण कर भगवान शिव की पूजा करें। माथे पर चंदन का तिलक लगाकर घर से निकलें। जल में केसर मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करने से वैवाहिक जीवन में चल रही सभी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं। चमेली के फूल



या उसका हार शिवलिंग पर चढ़ाने से वाहन सुख प्राप्त होता है। सूर्योदय के समय शिवलिंग पर गंगा जल अर्पित करना चाहिए। सोमवार सुबह शिव मंदिर में रुद्राक्ष अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। सोमवार के दिन यदि शहद की धारा बनाकर शिवलिंग पर अर्पित की जाए तो नौकरी या व्यवसाय में आ रही बाधाएं दूर हो जाती हैं। सोमवार को शिवलिंग पर दूध मिश्रित जल अर्पित करने से धन आगमन के मार्ग बनते हैं। सोमवार शाम कच्चे चावल में काले तिल मिलाकर दान करना चाहिए। इस उपाय से पितृ दोष का प्रभाव कम होता है। सूर्यास्त के बाद शिव मंदिर में दीपदान करें और ॐ नमरू शिवाय का जाप करें। मान्यता है कि सोमवार को सफेद गाय को रोटी और गुड़ खिलाने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। सोमवार को सफेद वस्तु जैसे दूध, दही, श्वेत वस्त्र, चीनी आदि का दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन खीर बनाकर बांटना भी शुभ माना जाता है।

# ध्यान से मिलती है मोक्ष की सिद्धि

भारत में प्राचीन काल से ही जैन परम्परा ने योग एवं ध्यान के विषय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज तक के उपलब्ध साहित्य, परम्परा और साक्ष्यों के आधार पर प्रथम तीर्थंकर योगी तथा योग के प्रथम उपदेशक थे। उन्होंने सांसारिक (भौतिक) वासनाओं से व्याकुल, धन-सत्ता और शक्ति की प्रतिस्पर्धा में अकुलाते अपने पुत्रों को सर्वप्रथम ज्ञान पूर्ण समाधि का मार्ग बताया, जिसे आज की भाषा में योग मार्ग कह सकते हैं। श्रीमद्‌भागवत में प्रथम योगीश्वर के रूप में भगवान् ऋषभदेव का स्मरण किया गया है। वहां बताया है कि भगवान् ऋषभदेव स्वयं विविध प्रकार की योग साधनाओं का प्रयोगों द्वारा आचरण करते थे। 'नानायोगश्चर्याचरणे भगवान् कैवल्यपतिऋषभः।'



भगवान् ऋषभदेव योग विद्या के आदि प्रवर्तक माने जाते हैं- 'उसहो जोगो उत्तं, पढमो करीअ आसणतवझाणं। लहीअ सुद्धाप्पं य, अप्पा मे संवरो जोगो। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने सर्वप्रथम योग विद्या का उपदेश दिया। उन्होंने सर्वप्रथम आसन, तप, ध्यान किया और शुद्ध आत्मा को प्राप्त किया और उपदेश दिया कि आत्मा ही संवर और योग है। जैन आगम ग्रंथों के अनुसार, इस युग के वे प्रथम प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने जनता को सुखी होने के लिए योग करना सिखाया। मोहन जोदड़ो और हड़प्पा में जिन योगी जिन की प्रतिमा प्राप्त हुई है, उनकी पहचान ऋषभदेव के रूप में की गई है। मुहरों पर कायोत्सर्ग मुद्रा में योगी का चित्र प्राप्त हुआ है। यह कायोत्सर्ग की मुद्रा जैन योग की प्रमुख विशेषता है। आज तक प्राचीन से प्राचीन और नई से नई जितनी भी जैन प्रतिमाएं मिलती हैं, वे योगी मुद्रा में ही मिलती हैं। वीतराग मुद्रा के तीन मुख्य आसन हैं- पद्मासन, खड्‌गासन और कायोत्सर्गासन। पूरक, कुम्भक और रेचन- ये तीन प्रमुख प्राणायाम हैं। ये सभी शरीर द्वारा किए जाने वाले तप हैं। अंतिम तीर्थंकर भगवान् महावीर ने भी ऋषभ देव की योग साधना पद्धति को आगे बढ़ाते हुए सघन साधना की। प्रथम शताब्दी में अध्यात्म योग विद्या के प्रतिष्ठापक आचार्य कुन्दकुन्द दक्षिण भारत के एक महान योगी थे। उन्होंने प्राकृत भाषा में एक सूत्र दिया 'आदा मे संवरो जोगो।'अर्थात यह आत्मा ही संवर है और योग है। जैन तत्त्व विद्या में जो संवर तत्त्व है, वही आज की योग शब्दावली का द्योतक है। जैन योग के दो प्रमुख सूत्र हैं- संवरयोग और तपोयोग। तप को पुष्ट करने और उसमें गहराई लाने के लिए बारह भावनाओं का विधान है, इसलिए भावना योग भी जैन योग का एक प्रमुख अंग है। जैन योग का लक्ष्य आत्मानुभूति है। जिनागम का सार यही है कि आत्मा आत्मा में रमे, यही परम ध्यान है और 'ध्यान से मोक्ष की सिद्धि होती है।'- ऐसा जिनवर ऋषभदेव के द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

# इस दिशा में होना चाहिए पानी का ढलान, मिलेगी तरक्की

वास्तु एक समृद्ध विज्ञान है। घर में होने वाली हर गतिविधि, हर बदलाव, घर निर्माण और घर में मरम्मत वास्तु को प्रभावित करता है। कभी वस्तुएं ठीक प्रकार से नहीं हो पाती तो जिससे घर में वास्तु दोष में आ जाता है। इसी में से एक है पानी का बहाव। पानी का बहाव चाहे फर्श का हो या छत का हो, हमेशा उत्तर या पूर्व में ही होना चाहिए। पानी का ढलान उत्तर और पूर्व में होगा तो घर में सुख, समृद्धि रहेगी और वह संतान से सुख मिलेगा। यह उत्तर-पूर्व दिशा के नीचा होने का प्रमाण होगा जो वास्तु के अनुसार बहुत शुभ होता है। घर की छत का ढलान भी उत्तर पूर्व में होना श्रेष्ठ होता है। जब बारिश पड़ती है तो पानी हमेशा उत्तर और पूर्व दिशा की ओर जाना चाहिए। घर में पानी का बहाव पश्चिम दिशा में होने से संतान का अभाव देता है अथवा संतान संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं। दक्षिण दिशा में पानी का बहाव धन को नष्ट करता है। घर में शांति समाप्त हो जाती है। परस्पर संबंध चाहे पिता-पुत्र के हों, सास-बहू के हों या भाई-भाई के, इनमें विकृति आ जाती है। यदि घर के पानी का ढलान दक्षिण-पश्चिम में होता है तो यह गृह स्वामी के लिए बहुत ही अशुभ होता है। उनके स्वास्थ्य में हमेशा कोई न कोई परेशानी लगी रहती है। आग्नेय कोण में पानी का बहाव होने से महिला सदस्यों के स्वास्थ्य में परेशानी होगी। अथवा महिला सदस्य उस परिवार में प्रसन्न नहीं रहती। यदि आपके घर में ऐसी स्थितियां हों तो पानी के बहाव पाइप या नाली माध्यम से निकटतम किसी सीवर के सबटैंक में स्थानांतरित कर दें। इससे गलत दिशा में जा रहा पानी ढकी हुई नालियों के माध्यम से ही बाहर निकाल जाएगा। सीधे घर से पानी बाहर जाना शुभ नहीं होता है। नालियां सदैव बंद होनी चाहिए। साथ ही नाली का पानी घर के अंदर दिखाई नहीं देना चाहिए। ढकी हुई नालियों में अथवा पाइप के द्वारा गंदे पानी की निकासी वास्तु के अनुसार ठीक होती है।

# चाऊमीन को चिपचिपी होने से बचाने के लिए इस तरीके से उबालें

चाइनीज फूड हम सभी को पसंद आता है। खासकर चाऊमीन ज्यादातर लोगों की फेवरेट है। घर पर भी चाऊमीन बनाना मुश्किल नहीं है लेकिन इसे बनाने में सबसे बड़ी मुश्किल सामने आती है कि घर में बने नूडल्स मार्केट स्टाइल नहीं बन पाते। घर के बने नूडल्स स्टिकी हो जाते हैं। जबकि ठेले यानी स्ट्रीट फूड चाऊमीन बहुत ही परफेक्ट नजर आती है। असल में परफेक्ट नूडल्स बनाने के लिए आपको चाऊमीन को अच्छी तरह उबालना होता है। आइए, जानते हैं कि कैसे बनाएं स्ट्रीट स्टाइल चाऊमीन। इसके लिए आपको उबालने का सही तरीका पता होना चाहिए।



नूडल्स न तोड़ें

यदि आप लंबे रेस्त्रां जैसे स्ट्रीट नूडल्स का स्वाद लेना चाहते हैं, तो नूडल स्लैब को न तोड़ें।

पानी में तेल और नमक डालें

एक बड़े बर्तन में 6 गिलास पानी मध्यम आंच पर उबलने के लिए रख दें। जब यह उबलने लगे, तो इसमें आधा चम्मच तेल और नमक डालें।

70% ही पकाएं

नूडल्स को उबलते पानी में धीरे से डालें और नूडल्स को नरम करने के लिए 3 मिनट तक हिलाते रहें। नूडल्स पूरी तरह से उबलने तक का इंतजार न करें, जब नूडल्स 70: पक जाएं तो गैस बंद कर दें। इसे ज्यादा न पकने दें, नहीं तो नूडल्स फूल जाते हैं।

अच्छी तरह सुखाएं

नूडल्स को बर्तन से निकालने का समय आ गया है। गैस बंद कर दें और नूडल्स को छलनी में निकाल लें ताकि ज्यादा पानी निकल जाए। इसे पूरी तरह सूखा लें।

ठंडे बर्तन में निकाल दें

नूडल्स के ऊपर 4 कप ठंडा पानी डालें और चिपचिपा नूडल्स से बचने के लिए इसे फिर से अलग ठंडे बर्तन में निकाल लें। आपको नूडल्स तोड़ने नहीं है।

ऑयल डाल दें

एक बार यह हो जाने के बाद, एक पैन गरम करें और उबले हुए नूडल्स को तेल की कुछ बूंदों के साथ टॉस करें। इस तरह आप अपने नूडल्स को लंबे समय तक चिपके रहने से बचा सकते हैं।

# ग्लोइंग स्किन के साथ स्किन को अंदर से हील करने वाली पांच सुपर ड्रिंक्स

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ड्रिंक्स ऐसी भी हैं, जो हमारी स्किन को अंदर से हील करती हैं। आप अगर बिना मेकअप के बेदाग निखार पाना चाहते हैं, तो आपको इन ड्रिंक्स में से कोई दो को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।



कोलेजन शॉट

कोलेजन शॉट भी शामिल है जो कि स्किन को रिवाइव करता है। कोलेजन शॉट स्किन टाइटनिंग के साथ इसे हील करने में भी कारगर है। इसमें एंटी एजिंग प्रॉपर्टी होती है।

अनार का जूस

अनार का जूस हमारे शरीर में खून साफ करने का काम करता है और टॉक्सिन्स निकालता है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अनार के जूस से आपको पूरी मात्रा में पोषण मिलता है। वहीं, अनार का जूस पीने से नई सेल्स बनती और स्किन में ग्लो आता है।

व्हीटग्रास जूस

व्हीटग्रास जूस में एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टी होते हैं, ये स्किन को नेचुरल तरीके से हाइड्रेट करते हैं और इनमें एंटी एजिंग प्रॉपर्टी भी होते हैं। आप इसे सुबह खाली पेट पी सकते हैं।

खीरे का जूस

खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसके साथ ही खीरे का जूस स्किन को बेदाग बनाने और रुखापन को दूर करने में मदद करता है। खासतौर यह जूस ऑयली स्किन के लिए बहुत कारगर है।

ऑरेंज जूस

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि ऑरेंज जूस पीने से इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। इसमें पाया जाने वाले विटामिन सी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही आप ऑरेंज जूस पीने से स्किन ग्लोइंग बनती है और एक्ने भी ठीक होते हैं।

# फाउंडेशन अप्लाई करने से पहले न करें ये कामन मिस्टेक

मेकअप में सबसे जरूरी होता है फाउंडेशन, जिसे अप्लाई करने से न सिर्फ आपके दाग-धब्बे काफी हद तक छुप जाते हैं बल्कि इससे स्किन भी ईवन दिखाई देती है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से मार्केट से कोई भी फाउंडेशन खरीद सकते हैं लेकिन याद रखें कि आपको फाउंडेशन अपनी स्किन टोन से मिलता-जुलता ही लेना है, वरना आपका चेहरा फाउंडेशन लगाने के बाद कुछ-कुछ काला दिखाई देने लगेगा। आज हम आपको ऐसी मेकअप मिस्टेक बता रहे हैं, जिन्हें आपको अवॉयड करना चाहिए।

चेहरे को धोकर न सुखाना

जल्दबाजी में कभी भी चेहरे को सिर्फ वाइप शीट से पोंछकर काम न चलाएं बल्कि मेकअप करने से पहले हमेशा चेहरे को फेसवॉश से धोएं। इसके बाद चेहरे को अच्छी तरह ड्राय कर लें।

मॉइस्चराइजर न लगाना

चेहरे को अच्छी तरह हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। कई गर्ल्स की स्किन ऑयली होती है इसलिए वे डायरेक्ट फाउंडेशन ही अपने चेहरे पर अप्लाई कर लेती हैं जबकि ऐसा करने से न सिर्फ आपका मेकअप खराब हो सकता है बल्कि आपकी स्किन भी जगह-जगह से पील होती हुई दिखाई देगी।



पसीने पर क्रीम लगाना

मेकअप के दौरान आपको किसी हवादार जगह को तलाशना है, जिससे कि गर्मियों में आपको पसीना न आए। आपको पसीना आने पर अपने चेहरे को पानी से साफ करना है। पसीने वाली स्किन पर भूलकर क्रीम बिल्कुल न लगाएं।

फाउंडेशन ज्यादा लगाना

फाउंडेशन आपको अच्छी कवरेज देता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप पिम्पल्स के हर एक निशान को छुपाने के लिए काफी सारा फाउंडेशन लगाएं। इससे आपका चेहरा नेचुरल नहीं लगेगा और मेकअप जल्दी उतर जाने के चांसेस भी बढ़ जाएंगे।

# बिल्लियों के बारे में ये दिलचस्प बातें आपने कभी नहीं सुनी होगी

**एजेंसी**

आमतौर पर दो तरह के लोग होते हैं, एक जो बिल्लियों को काफी पसंद करते हैं और दूसरे जिन्हें बिल्लियां बिल्कुल पसंद नहीं होती। असल में बिल्लियों के बारे में काफी गलतफहमियां हैं जिसके चलते बिल्लियों को स्वार्थी और चालाक समझा जाता है, जबकि मिस्र की संस्कृति में बिल्लियों का अच्छी तरह से सम्मान किया जाता था।

-क्या आप जानते हैं कि सबसे पुरानी बिल्ली 9,500 साल पहले अस्तित्व में आई थी। इसे 2004 में फ्रांसीसी पुरातत्वविदों द्वारा खोजा गया था, जब उन्हें साइप्रस में एक कब्र मिली थी। इस बिल्ली का कंकाल आजकल की बिल्लियों से काफी अलग था।

-बिल्लियां सोना पसंद करती हैं और वे अपना 70% समय पूरे दिन सोने में बिताती हैं, जिससे यह दिन में 13 से 16 घंटे हो जाता है।

-आपको जानकर हैरानी होगी कि स्टब्स नाम की एक नारंगी टैब्बी बिल्ली, 20 साल तक अलास्का के एक छोटे से शहर की मेयर बनी थी। बिल्ली को कई स्थानीय चुनावों में भी खड़ा किया गया था क्योंकि स्थानीय लोग और टूरिस्ट उसे बेहद पसंद करते थे। उस बिल्ली के पास कोई कानूनी शक्तियां नहीं थीं लेकिन सभी उसे बेहद प्यार करते थे।



-दुनिया की सबसे अमीर बिल्ली की प्रॉपर्टी 7 मिलियन पाउंड (67 करोड़ 28 लाख से भी ज्यादा) था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उस बिल्ली का नाम ब्लैकी है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उसके करोड़पति मालिक ने उसकी वसीयत में अपने परिवार को पहचानने से इनकार कर दिया था और सारी सम्पत्ति बिल्ली को मिल गई थी।

-बिल्ली के दरवाजे का आविष्कार आइजैक न्यूटन ने किया था, जब वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपने प्रयोगों पर काम कर रहे थे।

-अब तक की सबसे उम्रदराज बिल्ली 38 साल और 3 दिन की थी। इसका नाम Creme Puff था और इसका जन्म 3 अगस्त 1967 को हुआ था।

# भिंडी को काटने, पकाने और स्टोर करने के तरीके

इसे आप ओकरा, भिंडी या लेडी फिंगर कहें, कुछ भी कहें लेकिन ज्यादातर लोगों को यह सब्जी बेहद पसंद होती है। इसके गुणों की बात करें, तो यह कार्ब्स में कम होती है और विटामिन सी और के 1 से भरपूर है। इसके अलावा दूसरी सब्जियों की तुलना में इसमें प्रोटीन होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर है और इसमें जेल जैसा गाढ़ा पदार्थ होता है, जिसे श्म्यूसिलेजश के नाम से जाना जाता है। इससे भिंडी पतली और चिपचिपी बनी रहती है। यह पदार्थ भिंडी को पकाने और काटने में मुश्किल बना देता है।

भिंडी को स्टोर करने का सही तरीका

यदि आपने भिंडी बहुत ज्यादा मात्रा में खरीदी है, तो सुनिश्चित करें कि आप इसे कागज या जिप पाउच में लपेटकर फ्रिज में रख दें, और फिर इसे 3-4 दिनों तक स्टोर करें। इसके अलावा, अगर आप कटी हुई भिंडी को स्टोर करना पसंद करते हैं, तो भी आप इसे जिप पाउच रख सकते हैं। क्या आपने कभी महसूस किया है कि जब आप भिंडी को पकाने से ठीक पहले धोते हैं और काटते हैं, तो ये चिपचिपी हो जाती है? ऐसा इसलिए है क्योंकि पानी चिपचिपेपन को बढ़ाता है और इस प्रकार किसी को भी इसे पकाने से पहले कभी भी भिंडी को नहीं धोना चाहिए। जब आप भिंडी को धोते हैं, तो उसे काटने से पहले कमरे के तापमान पर बैठने दें। पतले स्लाइस के बजाय बड़े टुकड़ों को काटना हमेशा सबसे अच्छा होता है। चिपचिपापन कम करने के 2 तरीके हैं। सबसे पहले, भिंडी को फ्रीज में रखना है और इसे जमी हुई स्टेज में काटना है। इस तरह आप महसूस करेंगे कि जब आप इसे ताजा काटते हैं, तो भिंडी कम चिपचिपी होती है। उस पतलेपन को कम करने के लिए एक और तरकीब यह है कि भिंडी को पकाने से पहले आधे घंटे के लिए सिरके में भिगो दें। फिर इससे निकालकर पकाएं। भिंडी को बनाना आसान नहीं है क्योंकि यह आसानी से मटमैला और चिपचिपी हो सकती है। इस कारण इसे आपको हाई फ्लेम पर पकाते हुए चलाना होता है। भिंडी को पकाने के लिए भूनना चाहिए और भूनने का सबसे अच्छा तरीका है, कि इसे सरसों के तेल में हाई फ्लेम में पकाया जाए।



# अपने पालतू डाग के लिए रश्मिका मंदाना ने प्रोड्यूसर से मांगी उसकी फ्लाइट टिकट

रश्मिका मंदाना को लेकर हाल ही में खबर आ रही है कि उन्होंने अपने पालतु डॉग के लिए फ्लाइट्स की टिकट की डिमांड की है। दरअसल, एक रिपोर्ट थी जिसमें बताया जा रहा था कि रश्मिका ने अपनी फिल्म के प्रोड्यूसर से अपने पेट डॉग के लिए भी टिकट्स की डिमांड की है। अब रश्मिका ने ऐसी रिपोर्ट पर जवाब देते हुए अपना रिएक्शन दिया है। हालांकि उनका जो रिएक्शन है वो काफी मजेदार है। रश्मिका ने पहले तो क्लीयर किया कि उन्हें ऐसा कुछ नहीं किया है और इसके बाद उन्होंने कहा कि इस खबर को पढ़कर उनका दिन बन गया है। रश्मिका ने लिखा, इतने मतलबी मत बनो। अगर आप भी ऑरा (पेट डॉग) को मेरे साथ ट्रैवल करवाना चाहोगे तो भी वो नहीं जाएगा। उसे मेरे साथ ट्रैवल करना पसंद नहीं है। वह हैदराबाद में खुश है। थैंक्यू इतनी चिंता के लिए। रश्मिका ने आगे लिखा, सॉरी, लेकिन इसने मेरा दिन बना दिया। मैं अपनी हंसी नहीं कंट्रोल कर पा रही हूं। बता दें कि उस रिपोर्ट में ये भी लिखा था कि रश्मिका का डॉग उनके बिना नहीं रह पाता है। एक फैन ने लिखा, ऐसी कई खबरें हैं। जिस पर रश्मिका ने जवाब दिया, सच में? प्लीज मुझे ऐसी चीजें भेजते रहा करो। हाल ही में रश्मिका ने फिल्म गुड बाय की शूटिंग खत्म की है जिसमें उनके साथ अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म करने के साथ एक्ट्रेस ने फिल्म, अपनी टीम और को–स्टार्स के लिए स्पेशल मैसेज लिखा है। फोटो शेयर कर रश्मिका ने लिखा, अच्छा नहीं लग रहा है अपने बेबी गुडबाय को बाय बोलने में। लेकिन आज मेरी शूटिंग खत्म हो गई है। फिल्म के साथ मेरी 2 साल की जर्नी रही है। हमने कोविड के दौरान फिल्म की शूटिंग की। मैं आप लोगों के इस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। यह काफी मजेदार है। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, श्यहां मैंने जिनके साथ भी काम किया, सभी मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं। अमिताभ बच्चन सर आप बेस्ट हैं। मुझे बेहद खुशी है कि मैंने आपके साथ फिल्म में काम किया। आप वर्ल्ड के बेस्ट मैन हो। नीना गुप्ता आप सबसे क्यूट हो। आई मिस यू।

# पपराजी को पोज दे रही थीं पूनम पांडे, क्राप टाप खिसकने से हुआ *Oops Moment*

रियलिटी शो लॉकअप में हिस्सा लेने के बाद से पूनम पांडे के खूब चर्चे हैं। उन्हें अक्सर पपराजी स्पॉट कर लेते हैं। अपनी बोल्डनेस की वजह से पहचानी जाने वालीं पूनम पांडे का पोज देने का अंदाज भी अलग है। उनकी तस्वीरें और वीडियोज आते ही वायरल हो जाते हैं। शनिवार को उन्हें पपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान उन्होंने ब्रालेस क्रॉप टॉप पहना था। साथ ही उन्होंने गोल्डन कलर का पैंट कैरी किया। पूनम अपनी कार के पास खड़े होकर पोज देती हैं तभी उनके साथ ऊप्स मोमेंट हो जाता है और उनका क्रॉप टॉप ऊपर उठ जाता है। पूनम पांडे जैसे ही अपनी कार के पास खड़ी होती हैं उनके कई फैन्स उनके साथ सेल्फी लेने के लिए आते हैं। एक शख्स उनके ज्यादा ही करीब आने लगता है तो वहां मौजूद लोग उसे दूर रहने के लिए कहते हैं। इसके बाद पूनम कार में बैठ जाती हैं। पूनम का सिग्नेचर स्टाइल है। वह जीभ निकालकर इरॉटिक अंदाज में पोज देती हैं। पपराजी ने जब उनसे उनके स्टाइल में पोज देने के लिए कहा तो वह कहती हैं उनके पास जीभ नहीं है। पपराजी के कई बार रिक्वेस्ट करने के बाद भी पूनम अपना पोज नहीं देती हैं और वहां से चली जाती हैं। वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। लॉकअप में रहते हुए भी पूनम पांडे ने शो मे खूब ग्लैमर का तड़का लगाया। जब वह नॉमिनेशन में आई थीं तो उन्होंने फैन्स से वादा किया कि अगर वह सुरक्षित हो गईं तो टॉपलेस हो जाएंगी। उस हफ्ते पूनम को ढेर सारे वोट्स मिले थे।

## 2022 में इन 5 बालीवुड फिल्मों ने की पहले दिन धमाकेदार कमाई

कोविड काल के बाद साल 2022, सिनेमा के लिए एक नया दौर साबित हुआ। इस साल हिंदी फिल्मों से ज्यादा साउथ इंडियन फिल्मों ने धमाका किया। आरआरआर और केजीएफ 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया तो वहीं दूसरी ओर भूल भुलैया 2 और द कश्मीर फाइल्स ने भी अच्छा कलेक्शन किया। इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं उन टॉप 5 फिल्मों के बारे में जिन्होंने पहले दिन धमाकेदार कमाई की, तो इसके साथ ही साथ 2022 की टॉप 5 लाइफटाइम कलेक्शन वाली फिल्में भी। बता दें कि साल 2022 में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड फिल्मों को काफी ट्रोल किया गया, वहीं दूसरी ओर साउथ इंडियन फिल्मों ने अच्छा कलेक्शन किया। हालांकि इसके बाद भी कुछ हिंदी फिल्मों ने अच्छी कमाई की। नीचे देखिए 2022 की वो टॉप 5 फिल्में जिन्होंने पहले दिन ताबड़तोड़ कलेक्शन किया। लिस्ट में पहले नंबर पर कार्तिक आर्यन की फिल्म है, जिन्होंने अक्षय कुमार की दो फिल्मों को मात दी है। ऊपर आपको हम ने उन फिल्मों के बारे में बताया, जो पहले दिन कमाई के मामले में टॉप 5 में शामिल है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि जिन फिल्मों ने पहले दिन ताबड़तोड़ कमाई की, उनका लाइफटाइम कलेक्शन भी

# बा और राखी दवे में होगी जोरदार टक्कर! नागिन के कान के नीचे बजेगा सितार?

टीवी शो अनुपमा की कहानी में जब से अनुज कपाड़िया की भाभी बरखा ने एंट्री ली है तब से स्टोरी में लोगों का इंट्रेस्ट काफी ज्यादा बढ़ गया है। अनुपमा और अनुज कपाड़िया की शादी के बाद सब मानकर चल रहे थे कि चीजें ठीक हो जाएंगी लेकिन अब अनुपमा की जिंदगी में जब से अनुज की भाभी आई है तब से उनकी जिंदगी फिर एक बार उसी मोड़ पर पहुंचती दिख रही है जैसे शाह निवास में थी। इस बार फर्क बस इतना है कि अनुपमा का पति अनुज पूरे वक्त अपनी पत्नी का हाथ थामकर खड़ा हुआ है। हालांकि जब से अनुज की भाभी बरखा इस घर में आई है तब से सारी दौलत शोहरत अनुपमा के नाम होने के चलते वह उससे जलती दिखाई पड़ी है। अनुपमा की भाभी बरखा धीरे–धीरे अनुज की प्रॉपर्टी और उनकी कंपनी पर कब्जा करना चाहती है।

सोमवार के एपिसोड में क्या होगा? अनुपमा के सोमवार के एपिसोड में एक बार फिर से अनुपमा और किंजल विचारों के टकराव में पिसते दिखाई पड़ेंगे। किंजल के बेबी शॉवर को लेकर शाह परिवार और कपाड़िया हाउस, दोनों ही जगहों पर पॉलिटिकल गेम चलने शुरू



हो गए हैं। सभी लोग जहां इस बेबी शॉवर के लिए काफी एक्साइटेड हैं वहीं बा फिर एक बार अपने बेटे के गलत होने पर भी उसका सपोर्ट करती दिखाई पड़ेगी। क्योंकि वनराज शाह घर पर नहीं है इसलिए काव्या की बातों से कनविंस होकर बा ये तय करेगी कि बिना वनराज के ये बेबी शॉवर पार्टी नहीं होगी। उधर अनुपमा भी अपने परिवार को ये बात समझाने की कोशिश करेगी कि बिना सास ससुर के बहू की गोदभराई कैसे हो सकती है? लेकिन राखी दवे यानि नागिन किसी भी कीमत पर ये बेबी शॉवर कैंसिल नहीं करना चाहती है। वह पूरे गुस्से में अनुपमा को वॉर्निंग देकर जाती है कि बेबी शॉवर की डेट कैंसिल नहीं होगी। अब राखी दवे और बा के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी है।

## निया शर्मा को नहीं मिल रहा कोई काम, बोलीं– ब्रेक पर नहीं हूं भिखारी हो गई हूं

**एजेंसी**

टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने कई सीरियल्स में काम किया है और उनकी एक्टिंग को लोगों ने पसंद भी किया। सिर्फ यही नहीं निया कई म्यूजिक एल्बम में भी नजर आ चुकी हैं। निया के फैंस उन्हें टीवी सीरियल्स में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई बार लोग उनके कमेंट बॉक्स में भी इस बारे में पूछ चुके हैं। लेकिन अब खबर है कि एक्ट्रेस के पास पिछले कुछ वक्त से कोई काम नहीं है। निया ने खुद एक्टिंग से दूर रहने की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए बताया कि उन्होंने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब वह काफी मुश्किल वक्त से गुजर रही हैं। निया शर्मा इन दिनों अपने म्यूजिक वीडियो हैरान को लेकर चर्चा में हैं। ये एल्बम जल्द ही रिलीज होने वाला है और एक्ट्रेस इसका प्रमोशन कर रही हैं। तो वहीं बॉलीवुड बबल से बात करते हुए एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग से ब्रेक लेने की खबरों पर चुप्पी तोड़ी। निया ने कहा, श्काफी लोगों को लगता है कि मैंने एक्टिंग से ब्रेक लिया है लेकिन ऐसा नहीं है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक कुलदीप सैनी द्वारा हवाई प्रिन्टर्स नजदीक पुराना पोस्ट ऑफिस रादौर से मुद्रित तथा खेड़ा मोहल्ला वार्ड नम्बर 5, रादौर जिला यमुनानगर, हरियाणा से प्रकाशित। सम्पादक – कुलदीप सैनी
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र यमुनानगर होगा।